**वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय**
पो0 ऑ0 आई.पी.ई. कौलागढ़ रोड, देहरादून. 248 195 उत्तराखंड
(विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 के सेक्शन 3 के अन्तर्गत)

सं0 1305 /R-5/Ph.D./2023-FRIDU    दिनॉक: 30.10 .2023

# उदघोषणा

## पी0एच0डी0 वानिकी प्रवेश परीक्षा 2023

वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय देहरादून द्वारा वानिकी में पी0एच0डी0 कार्यक्रम हेतु नामांकन के लिए 07 जनवरी 2024 को पी0एच0डी0 प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जो अभ्यर्थी वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय देहरादून में मार्च 2024 से प्रारंभ होने वाले सत्र में पी0एच0डी0 डिग्री के लिए अनुसंधान शोध छात्र के रूप में पंजीकरण करना चाहते हैं वे विहित फार्म में 10 दिसम्बर 2023 तक अपना आवेदन दे सकते हैं। आवेदन के साथ रजिस्ट्रार वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय देहरादून के नाम रू0 1500/–का शुल्क बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा करें। अनुसंधान केंद्रो के अनुसार सीटों की स्थिति वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय, की वेबसाइट www.fridu.edu.in में दर्शाई गई है। आरक्षित वर्गो के लिए पी0एच0डी0 की रिक्तियॉ पी0एच0डी0 आर्डिनेन्स के नियम सं0 5.3.2 के आधार पर निर्धारित की गयी है। प्रचारित सीट्स का 3 प्रतिशत सीट पी0एच0डी0 आर्डिनेन्स के नियम 5.3.2(f) (i) के अनुसार दिव्यांग अभ्यर्थियो के लिए आरक्षित है। कृपया पात्रता के लिए पी0एच0डी0 अध्यादेश की धारा 3 भी देखें जो वेबसाइट में उपलब्ध है। छः महीने का पूर्व–पी0एच0डी0 अनिवार्य कोर्स केवल एक बार फरवरी 2024 से प्रारंभ होगा। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा । आवेदन जमा करने की अन्तिम तारीख 10 दिसम्बर 2023 है। विहित फार्म को वेबसाईट www.fridu.edu.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रवेश परीक्षा या तो Offline विधि से वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय, देहरादून के विभिन्न केंद्रों पर या Online विधि से **(रिमोट प्रोक्टर्ड परीक्षा)** कराई जाएगी। COVID-19 के कारण वर्तमान परिस्थितियों एंव अनिश्चितताओं के कारण वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय को अधिकार है कि 'सामाजिक दूरी', सुरक्षा एवं अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य बनाये रखने के लिए प्रवेश परीक्षा को निरस्त करें एवं दाखिले के लिए कोई अन्य विकल्प अपनाये। इस विषय में वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय का निर्णय ही प्रमुख होगा ।

### महत्वपूर्ण तारीख

1. आवेदन फार्म जारी करने की तारीख : **01.11.2023**
2. आवेदन फार्म जमा करने की अन्तिम तारीख : **10.12.2023**
3. प्रवेश परीक्षा की तारीख : **07.01.2024**

(डॉ. आशुतोष कुमार त्रिपाठी)
कुलसचिव,
वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय